(c) if so, the reasons therefor;

(d) the steps taken to increase the production of Shrimp with the increase in demand of Shrimp in the international market; and

(e) the details thereof;

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): (a) The annual production of shrimp during 1995-96 to 1997-98 is given below:

Year	Shrimp Production (000 tonnes)
1995-96	331
1996-97	361 (Provisional)
1997-98	362 (Provisional)

(b) There has been no decline in the shrimp production during their above period.

(c) Does not arise.

(d) & (e) The steps taken by the Government for increasing the production of shrimp inter alia include:—

(i) development of scientific shrimp farming through Brackishwater Fish Farmers Development Agencies and providing package of technical, financial and extension support to shrimp growers.

(ii) encouraging establishment of integrated shrimp farms and support facilities such as seed hatcheries, feed mill, etc. in the Government/public/private sectors.

(iii) human resource development by establishing demonstration-cum-training centres; and

(iv) issue of guidelines outlining measures for development and management of sustainable brackishwater aquaculture practices, etc.

नैफेड में धन का दुरुपयोग

954. **श्री रामजी लाल:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 6 जनवरी, 1999 के "राष्ट्रीय सहारा" में "नैफेड" में व्यापक स्तर पर सरकारी धन का दुरुपयोग जांच समिति की रिपोर्ट ने खुलासा किया" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां तो सरकारी धन का दुरुपयोग किस प्रकार और किन मदों में किसके निर्देश पर किन कर्मचारियों के द्वारा किया गया;

(ग) दोषी अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) 06.01.1999 को "राष्ट्रीय सहारा" में नैफेड में धन के कथित दुरुपयोग के संबंध में एक समाचार प्रकाशित हुआ था।

(ख) से (घ) इस विभाग द्वारा की गई जांच और इस मामले में प्राप्त कुछ अन्य शिकायतों के आधार पर, यह मामला केन्द्रीय जांच ब्यूरो को आगे भी जांच के लिए भेजा गया। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने कथित अनियमितताओं के संबंध में नैफेड के कुछ प्राधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जैव उर्वरकों के माध्यम से दूसरी हरित क्रांति

955. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत में जैव उर्वरकों के प्रयोग से दूसरी हरित क्रांति लाई जा सकती है;

(ख) क्या जैव-उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ाई जा सकती है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में कोई ठोस कदम उठाने के संबंध में विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो क्या इसके परिणाम किसानों के अनुकूल होंगे; और

(ङ) सरकार ने जैव उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए क्या-क्या उपाय किए हैं तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान इन पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई?